साई के दीवानो को अब ईद मनाने दो

साई के दीवानो को अब ईद मनाने दो,
बाबा को आना है दिये दिल के जलाने दो,

क्या अर्ज करू तुमसे हालत जो हमारी है,
हमदर्द के मारे है किस्मत ये हमारी है,
जो हम पे गुजर ती है रो रो सुनाने दो,
बाबा को आना है दिये दिल के जलाने दो,

ये चम्पा चमेली है खुशियों की सहेली है,
क्या बात कहे तुमसे ये बात पहेली है,
आंगन में महक आये खुश्बू फैलाने दो,
बाबा को आना है दिये दिल के जलाने दो,

शिरडी की नगरी में क्या नूर बरसता है,
इक बार तो जा पागल क्यों यु तरस ता है,
हमसर का ये कहना है शिरडी तो आने दो,
बाबा को आना है दिये दिल के जलाने दो,

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10989/title/sai-ke-diwano-ko-ab-id-manane-do

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |